बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-222
25/04/2021

सशस्त्र सीमा बल के पूर्व डी0जी0 अरुण चौधरी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 25 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सशस्त्र सीमा बल के पूर्व डी0जी0 अरुण चौधरी के कोरोना संक्रमण से हुये निधन पर शोक और गहरी संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि अरुण चौधरी 1977 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के बिहार कैडर के अधिकारी थे। वे सशस्त्र सीमा बल के पूर्व डी0जी0 के अलावा सी0आई0एस0एफ0 और आई0बी0 में भी अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दे चुके थे। वे एक कुशल प्रशासक थे। उनके निधन से प्रशासनिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******